दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती के 45 वर्ष पूर्ण

भारतीय बस्ती का 46 वर्ष में प्रवेश

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 01 शनिवार 20 जुलाई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :8 मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com



दैनिक भारतीय बस्ती के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनायें

29 शिक्षकों ने भरा पुरानी पेंशन का विकल्प

—भारतीय बस्ती संवाददाता—

बस्ती। हरैया विकासखण्ड के 29 शिक्षकों ने शासन के आदेश पर पुरानी पेंशन का विकल्प शुक्रवार को भरा है अभी तक ये शिक्षक राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से आच्छादित थे। ये ऐसे शिक्षक हैं जिनकी नियुक्ति का विज्ञापन पुरानी पेंशन व्यवस्था बंद होने से पहले यानी 28 मार्च 2005 से पहले जारी हुआ था परन्तु नियुक्ति बाद में हुई थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी ने शासन के निर्देश के क्रम में पत्र जारी कर आदेश किया था कि उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट्स रूल्स 1961 के अधीन कर किए जाने के लिए एक बार विकल्प लिए जाने की व्यवस्था की गई है। इसलिए 28 मार्च 2005 के पूर्व के विज्ञापन के आधार पर नियुक्त ऐसे शिक्षक जिनकी नियुक्ति बाद में हुई है इस कारण वे राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में आ गए हैं यदि वह चाहे तो पुरानी पेंशन का विकल्प दे सकते हैं। इसी आधार पर 29 शिक्षकों ने पुरानी पेंशन का विकल्प दिया है।

मन के उद्गार—भारतीय बस्ती के प्रति

भारतीय बस्ती का 'वर्मा' जन्मोत्सव है आज।
ऐसे समाचार पत्र पर किसे नहीं है नाज।

भारतीय बस्ती का पूरे भारत में है नाम।
इसके पीछे दिनेश पाण्डेय का तप है निष्काम।

दिनेश चन्द्र पाण्डेय जी की मेहनत है रंग लाई।
भारतीय बस्ती को देने, आये लोग बधाई।

प्रदीप पाण्डेय जी के श्रम का 'वर्मा' क्या है कहना।
सन्त मनीषी जैसा इनका जीवन यापन करना।

भारतीय बस्ती की खूशबू दूर—दूर फैलाया।
सदा कलम का वंदन करना, इनके मन को भाया।

इनकी कितनी करूँ प्रशंसा ये हैं परम तपस्वी।
देख लेखनी इनकी, कहता हर एक व्यक्ति मनस्वी।

यही कामना भारतीय बस्ती बढ़े प्रगति की ओर ।
प्रेस क्लब के सभागार में, हैं सब आज विभोर।

इस अवसर पर प्रकृति नटी भी मन ही मन हरषाई।
भारतीय बस्ती को देता 'वर्मा' आज बधाई।

—डा० वी० के० वर्मा
आयुष चिकित्साधिकारी,
जिला चिकित्सालय—बस्ती

भारतीय बस्ती के 45 वर्ष पूर्ण

दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती का 46 वर्ष में प्रवेश

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 01 शनिवार 20 जुलाई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

अपनों से अपनी बात

दैनिक भारतीय बस्ती के बस्ती संस्करण की प्रकाशन यात्रा के 45 वर्ष पूर्ण होने और 46 वें वर्ष में प्रवेश पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभेच्छुओं के प्रति कृतज्ञतापूर्ण आभार।

पूर्ण विश्वास है कि आप सभी का पूर्ववत सहयोग बना रहेगा। – **सम्पादक**

माइक्रोसाफ्ट विंडोज में तकनीकी समस्या के चलते दुनिया भर में लैपटाप्स, कंप्यूटर बंद

नई दिल्ली (आभा)। माइक्रोसॉफ्ट विंडोज में तकनीकी समस्या के चलते दुनिया भर में बड़ी संख्या लैपटॉप्स और कंप्यूटर बंद हो गए। इसका असर कामकाज पर पड़ा है तो वहीं लोगों का आवागमन भी ठप हो गया है। बैंकों, फ्लाइट्स, मीडिया संस्थानों और अन्य तमाम कंपनियों के कामकाज पर असर पड़ा है। हालात ऐसे हो गए कि सिडनी एयरपोर्ट पर कामकाज ही ठप हो गया और काफी देर तक उड़ानें

प्रभावित रहीं। माइक्रोसॉफ्ट का बयान आया है और उसका कहना है कि हम समस्या को हल करने की कोशिश में जुटे हैं। कंपनी ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट 365 के ऐप्स पर लोग एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं।

डाउन डिटेक्टर वेबसाइट के मुताबिक इस आउटेज का असर वीजा, ऐमजॉन, एडीटी सिक्योरिटी जैसी कंपनियों पर पड़ा है। इसके अलावा अमेरिकन एयरलाइंस और डेल्टा पर भी असर दिखा है। हालात ऐसे हो गए कि दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बोर्डिंग पास हाथ से लिखकर जारी करने पड़े। इसकी वजह यह थी कि वहां लैपटॉप्स नहीं चल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया में कई एयरलाइन कंपनियों, टेलिकॉम कंपनियों,बैंकों और मीडिया संस्थानों के कामकाज पर असर पड़ा है। इन संस्थानों में लोग लैपटॉप्स पर एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि न्यू जीलैंड में बैंकों में कामकाज जारी रहा। इसकी वजह थी कि वहां कुछ बैंक अब भी ऑफलाइन काम करते हैं।

माइक्रोसॉफ्ट ने एक्स पर लिखा कि कंपनी तकनीकी समस्या के हल में जुटी है। जल्दी ही सभी सेवाएं उपलब्ध हो जाएंगी। हालांकि कंपनी ने यह नहीं बताया है कि किस समस्या के चलते ऐसा हुआ है।

दैनिक भारतीय बस्ती के स्थापना दिवस पर
हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक भारतीय बस्ती के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामना

स्मृति शेष मो० इब्राहीम

सौजन्य से-

मो० अरशद- पत्रकार

मो० 7376415576

बिजली कनेक्शन के नाम पर घूस मांगने वाले जेई गिरफ्तार

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । घरेलू कनेक्शन देने में हीलाहवाली और घूस मांगना अवर अभियंता को महंगा पड़ गया। पीड़ित की शिकायत पर पहुंची एंटीकरप्शन टीम ने अवर अभियंता को रंगे हाथ 20 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार कर लिया है। एंटी करप्शन टीम पीड़ित और आरोपी जेई को कोतवाली बस्ती ले गई।

गौर थानाक्षेत्र के तिन्छ बाबू गांव निवासी राम उजागिर मौर्या पुत्र जोखू प्रसाद ने बताया कि आठ जून को घरेलू कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। विद्युत उपकेंद्र बेलहिया गौर पर तैनात अवर अभियंता (जेई) वेदप्रकाश मिश्र ने कनेक्शन देने के नाम पर 20 हजार रुपये घूस की मांग की। राम उजागिर मौर्या राजगीर का काम करके परिवार का भरण–पोषण करता है। घूस मांगने से तंग आकर 16 जुलाई को एंटी करप्शन विभाग में इसकी शिकायत दर्ज कराई।

दैनिक भारतीय बस्ती के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनायें

''मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता''–वेडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 20 जुलाई 2024 शनिवार

सम्पादकीय

46 वें वर्ष में भारतीय बस्ती

बस्ती और अयोध्या से प्रकाशित भारतीय बस्ती के बस्ती संस्करण ने अपनी प्रकाशन यात्रा के 45 वर्ष पूर्ण कर लिये। संस्थापक श्री दिनेश चन्द्र पाण्डेय के कुशल मार्ग दर्शन में यह यात्रा निरन्तर जारी है। बिना संघर्ष के कोई सृजन नहीं होता। कठिनाईयां आती ही इसीलिये हैं कि हमको और बेहतर करने का साहस दें। सूचना विस्फोट के समय में कागज पर छपने वाले समाचार पत्रों का क्या भविष्य होगा इसके लिये तो प्रतीक्षा करनी होगी किन्तु डिजिटल पत्रकारिता ने समचारों की त्वरा को और गति दी है इसमें संदेह नहीं। भारतीय बस्ती के वेब संस्करण पर पाठकों का जो स्नेह मिल रहा है उससे हम आश्वस्त है कि नयी सूचना तकनीक के साथ भारतीय बस्ती की प्रकाशन यात्रा गतिमान है। 46 वें वर्ष में प्रयास होगा कि डिजिटल माध्यमों को और अधिक गतिमान किया जाय। पाठकों का अटूट भरोसा ही वह मुख्य शक्ति है जिसके भरोसे भारतीय बस्ती निरन्तर प्रगति की ओर है और बस्ती मण्डल मुख्यालय का प्रथम सबसे पुराना समाचार पत्र है। हमें पूरा विश्वास है कि पाठकों का स्नेह, बड़ो बुर्जुगों का आशीर्वाद हमें पूर्ववत मिलता रहेगा।

हम जिस समय में सांस ले रहे हैं पारम्परिक मुद्रण तकनीक की पत्रकारिता को न्यू मीडिया की त्वरा से एक प्रकार से कड़ी चुनौती मिल रही है और मिलनी भी चाहिये। गतिशीलता समाज की शक्ति है, वह जड़ नहीं हो सकता। एक समय था जब समाचार पत्र हैण्ड प्रेस पर छपा करते थे, फिर ट्रेडिल, लीथों, लाइनों, आफसेट मशीनों के साथ ही अब डिजिटल प्रिन्टिंग से अखबारों का प्रकाशन हो रहा है। निश्चित रूप से कोरोना काल में समाचार पत्रों के समक्ष जो संकट आया उसने नये द्वार भी खोले। भारतीय बस्ती डाट काम, भारतीय बस्ती यू ट्यूब के द्वारा पाठकों, दर्शकों, श्रोताओं को त्वरित खबरे उपलब्ध करायी जाती हैं। लक्ष्य है कि 2025 तक न्यू मीडिया की धारा को और विकसित करने के साथ ही समाचार पत्र की साज सज्जा और समाचारों की प्रस्तुति को निखारा जाय। हमारा प्रयास रहा है कि अद्यतन तकनीकों का प्रयोग कर पाठकों का विश्वास अर्जित किया जाय। एक समय था जब पत्रकारिता में समाज को दिशा देने की अपार क्षमता थी किन्तु वर्तमान सन्दर्भो में समाज ने पत्रकारिता को ही दिशा दृष्टि बदलने पर बाध्य कर दिया है। यह तो होना ही था। आजादी के बाद पत्रकारिता का तेजी से व्यवसायीकरण हुआ। उसने उद्योग का रूप ले लिया और सत्यम शिवम सुन्दरम की पत्रकारिता शुभ लाभ के माया जाल में उलझ गई। सत्याभाषी झूठ की पत्रकारिता के कारण जन सरोकारों की पत्रकारिता एक तरह से हाशिये पर चली गई है। इसके बावजूद यदि आप की सूचना दृष्टि किसी दबाव, प्रभाव में नहीं हैं तो पाठकों का विश्वास बना रहेगा।

जनमानस के हाथ में मोबाइल आ जाने से पत्रकारिता का सूत्र भी कुछ हद तक उसके हाथ में आ गया है। न केवल वह समाचार सुनता है अपितु समाचार सम्प्रेषण में अपना योगदान भी देता है। मोबाइल में न्यूज एप तथा वाट्सअप की सुविधा के चलते यह आज जनसंचार के स्थापित माध्यमों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। एप की सेवा में हर प्रकार के समाचार–खेल और खिलाड़ियों के बारे में जानकारी, क्रिकेट की लाइव जानकारी देश–विदेश की खबरें और मनोरंजन आदि सभी विषयों को समेटा जाता है। पहले जहाँ आम आदमी को समाचार जानने के लिए समाचार पत्र हाथ में लेना पड़ता था या टी. वी. के सामने बैठ कर समय देना पड़ता था आज पल भर में मोबाइल के स्क्रीन पर वह न केवल सारी जानकारी हासिल कर लेता है अपितु वॉट्सअप पर संदेश भेज कर अपनी मित्र–मंडली को भी सूचना दे सकता है। इस प्रकार मोबाइल जनसूचना का हथियार होने के साथ–साथ जहाँ एक ओर व्यक्तिगत मास मीडिया बन गया है वहीं दूसरी और सामाजिक सन्दर्भ का मीडिया भी बन गया है, जिसका आकार इतना छोटा है कि आम आदमी की जेब में समा गया है। आज के दौर में नागरिक पत्रकारिता को महत्वपूर्ण स्थान मिल जाने के कारण आम आदमी को अपने मोबाइल द्वारा लाइव रिपोर्टिंग की सुविधा भी प्राप्त हो गयी है जिससे सबसे बड़ा लाभ यह हुआ है कि कुछ ऐसी खबरों की रिपोर्टिंग भी ब्रेकिंग न्यूज के रूप में तुरंत हो जाती है क्योंकि वहाँ घटना–स्थल पर आम आदमी मौजूद होता है और रिपोर्टर उतनी जल्दी और आसानी से नहीं पहुँच पाता। इसी सन्दर्भ में इन्टरनेट और कंप्यूटर की भूमिका भी बहुत अहम् है जिसमें की–बोर्ड एक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है जिसकी मदद से मिनटों में खबरें दुनिया के कोने कोने में चित्रों समेत पहुँचाई जा सकतीं हैं। सोशल नेट्वर्किंग की मदद से आम आदमी ई–मेल, ब्लॉग तथा फेसबुक व अन्य माध्यमों से न केवल उन समाचारों को जान पाता है अपितु अपनी प्रतिक्रिया भी तुरंत दे देता है। प्रयास होगा कि भारतीय बस्ती अपने जन सरोकार की सुदीर्घ परम्परा के साथ ही आधुनिक पत्रकारिता की धारा में जनता का सबल प्रतिनिधि बनकर खड़ा रहे। भारतीय बस्ती के 44 वर्षों की यात्रा में अनेक साथियों ने अपना योगदान दिया है और आज भी दे रहे हैं। भारतीय बस्ती से निकले अनेक पत्रकार आज देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्रों, शिक्षण संस्थाओं में हैं और वे मानसिक रूप से हमसे जुड़े है। हम भरोसा दिलाते हैं कि बदलांव की इस आंधी में भी हम अपनी जन पक्षधरता बनाये रखेंगे जिससे भारतीय बस्ती पर पाठकों, शुभेच्छुओं का भरोसा बना रहे।

पाठकों का भरोसा ''भारतीय बस्ती'' की शक्ति

–दिनेश चन्द्र पाण्डेय–

भारतीय बस्ती की प्रकाशन यात्रा पाठकों के विश्वास से अनवरत जारी है। ''इस पथ का उद्देश्य नही है, श्रांत भवन में टिक रहना किन्तु पहुंचना उस सीमा तक जिसके आगे राह नहीं''

बाबू जय शंकर प्रसाद की इन्हीं पंक्तियों को आदर्श मान कर 'भारतीय बस्ती' दैनिक का प्रकाशन 44 साल पहले आरम्भ किया गया था। जो आज 'बस्ती' और राम जी की नगरी 'अयोध्या' से प्रकाशित हो रहा है। बस्ती जैसे पिछड़े कहे जाने वाले बस्ती के लोगो ने 'भारतीय बस्ती' के प्रति सदा बड़ा दिल दिखाया। आम जनमानस ने इतना विश्वास दिया कि कठिनाइयां कभी हरा नहीं सकीं। यही हाल अयोध्या के लोगो का रहा। बिना पूंजी के आम जनमानस के भरोसे 'भारतीय बस्ती' अपने प्रकाशन के 45 वें व र्ष में प्रवेश करने जा रहा हैं। हमारे साथियों ने इसे अखबार नहीं अपने मानस का द्वार समझा और लगे रहे

–फाइल फोटो–

इस लम्बी यात्रा को जीवंत बनाये रखने में। वेडेल फिलिप्स के इस विचार को सदा आत्मशात किया और उनका यह ध्येय वाक्य ''भारतीय बस्ती'' के सम्पादकीय पृ ठ पर प्रकाशित कर उसे पूरा करने का संकल्प लेते है। ''हम समाचार पत्र प्रकाशित करते हैं तो इस बात की परवाह नही करते कि कौन धर्म का नियामक है और कानून का निर्माता।'' ''भय काहू को देत ना,ना भय मानत आन''। ना डरे ना डराया। चलते रहे आम आदमी के विश्वास के सहारे अपने लक्ष्य की ओर। हमे पता है कि पत्रकारिता अनन्त प्रक्रिया का हिस्सा है। हम नित्य अपनी मंजिल की ओर आगे बढने का प्रयास करते रहते है। ''मंजिल मिले,मिले, ना मिले इसका गम नहीं मंजिल की जुस्तजू में मेरा कारवां तो है।''

जन कवि बाल सोम गौतम की ये पंक्तियां मंत्र की तरह जपते रहते हैं। '' सीधा साधा सच्चा लिख,जो भी लिख पर पक्का लिख,मत लिख इनके उनके जैसा केवल अपने जैसा लिख।''

'भारतीय बस्ती' ने अपना रास्ता स्वयं बनाया और चलते जा रहे हैं उसी रास्ते पर। बस्ती के पहले दैनिक 'ग्रामदूत' के सम्पादक बाबू गिरिजेश बहादुर सिंह राठौर ने धर्मशाला के कमरे से एक ताव कागज और एक पेंसिल की पूंजी लेकर ग्रामदूत दैनिक का प्रकाशन किया। इस संकल्प ने हमारे लिये मार्गदर्शन का काम किया और बल देकर चेताया कि पूंजी के बिना भी दैनिक अखबार का प्रकाशन किया जा सकता है। अपने पथ पर चलते गये और जन विश्वास की पूंजी के सहारे बढ़ते जा रहे है आगे ही आगे। आज जब देश का कोई हिन्दी दैनिक सौ साल की यात्रा भी पूरी नही कर पाया। वाराणसी के 'आज' ने जोड़ बटोर कर सौ साल पूरा किया तब बस्ती जैसे पिछडे कहे जाने वाले स्थान से दैनिक के प्रकाशन की आधी सदी की विश्वसनीय यात्रा को हम नही आम आदमी आंक रहा है। इसे ही हम रोज प्रति का अपना मंजिल समझ कर पत्रकारिता को शिरोध ार्य किये हुए हैं और आगे चलते ही रहेंगे। वैसे अखबार का जिसने एक अंक भी प्रकाशित किया वह हमारे लिये प्रेरणा का स्रोत हैं।

प्रदीप और उनके साथियों के क्रियाशील नेतृत्व में 'भारतीय बस्ती' प्रकाशन समूह के अखबार,वेबसाइट, ''आवाज भारती'' नेटवर्क का नया स्वरुप जन विश्वास के भरोसे अग्रसर है। आप का प्यार, दुलार और विश्वास ही हमारा सम्बल है। अब दूसरी तीसरी पीढ़ी और उनके साथियों ने जन विश्वास के भरोसे आगे कदम बढ़ाया है। कहना ही पड़ता है।

''क्या दिया नहीं जन विश्वास ने हमें,क्या लिखा नहीं मेरे नाम से,हम फिदा हैं तेरे दुलार पर,कि जग लिख दिया हमरे नाम पर।'' और अब पैंतालिसवें वर्ष के लिये यही कहना है–

''ऐ जनम साथियों, ऐ करम साथियों। लो संभालो तू अपने ये साजो गजल। मेरे नगमों को अब नीद आने लगी''। फिर भी अंतिम सांस तक ''भारतीय बस्ती'' के लिये ही जीना है। हार नहीं मानूंगा। काल के कपाल पर लिखूंगा, मिटाऊंगा,आप को सुनाऊंगा, आप को दिखाऊंगा, ''भारतीय बस्ती'' पढाऊंगा।

–मुख्य सम्पादक

भारतीय बस्ती से अटूट है पाठकों का नाता

दैनिक भारतीय बस्ती ने पत्रकारिता की दिशा बदली और ऊंचाइयों के नए आयाम को हासिल किया। दैनिक भारतीय बस्ती की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण ताकत उसका पाठक वर्ग है। दैनिक भारतीय बस्ती अपने पाठकों के हित को सर्वोपरि रखते हुए 45 वर्ष का सफर पूर्ण किया है। उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि पाठकों के विश्वास रूपी ताकत दैनिक भारतीय बस्ती परिवार के साथ भविष्य में यूं ही बनाए रखेगी। दैनिक भारतीय बस्ती परिवार उन सबका धन्यवाद करता है जिन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अच्छे और विषम समय में साथ दिया ।

समाचार पत्र समाज को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। समाचार पत्र सरकार और लोगों के बीच जुड़ाव के सबसे अच्छा माध यम है, जिससे सरकारी नीतियों एवं विकास कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचाने में सफलता मिली है। शासन–प्रशासन को जनसमस्याओं को हल करने में समाचार पत्रों से सहयोग प्राप्त होता है। दैनिक समाचार पत्र दैनिक भारतीय बस्ती देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की अपेक्षाओं और दायित्वों को पूर्ण करने में सफल रहा है। नागरिकों को साकारात्मक पत्रकारिता के नए आयाम स्थापित किए ,लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधि ाकाधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया है। दैनिक समाचार पत्र दैनिक भारतीय बस्ती नागरिकों को नियमों, कानूनों, कर्तव्यों और अधिकारों के बारे में जागरूक बनाने में अहम भूमिका निभायी है। यह समाचार पत्र विद्यार्थियों, महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग

–बैजनाथ मिश्र–

और क्षेत्र के नागरिकों में समान रूप से लोकप्रिय है। क्योंकि समाचार पत्र में उनसे जुड़े हर पहलुओं पर सामग्री का प्रकाशन होता है। दैनिक परिशिष्टों के माध्यम से पाठकों को सुरूचिपूर्ण सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। दैनिक भारतीय बस्ती समाचार पत्र बस्ती मण्डल मुख्यालय से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों में प्रमुख समाचार पत्र है। देश, प्रदेश और महानगरो की गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक विचारों, घटनाओं आदि से संबंधित तथ्यपरख जानकारियां पाठकों की जिज्ञासा का समाधान करती है। समाचार पत्र अध्यात्म, विकास, तकनीक, शोध, पर्यावरण आदि सामयिक विषयों पर महत्वपूर्ण ज्ञान पाठकों को उपलब्ध कराता है।

आज दैनिक भारतीय बस्ती ने अपने सफल प्रकाशन के 45 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। निष्पक्षता, निडरता और तथ्यपरक खबरों के लिए अखबार अग्रणी रहा है। इस समाचार पत्र ने समाज को नई दिशा दी है।

दैनिक भारतीय बस्ती 45 साल से बस्ती संस्करण, तथा 2012 से फैजाबाद(अयोध्या) संस्करण द्वारा देश प्रदेश की जनता को अपडेट रख रहा है। विश्वनीयता के दौर का नया रूप भारतीय बस्ती ने प्रस्तुत किया है। दैनिक भारतीय बस्ती ने लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ का रोल बेहतर तरीके से निभा रहा है। सदैव समाज को सच्चाई से अवगत कराते रहें है।

आज दैनिक भारतीय बस्ती का बेव संस्करण आ चुका है । भारतीय बस्ती ने अपने को समय के साथ अपडेट रखते हुए, भारतीय बस्ती पोर्टल, भारतीय बस्ती यू–ट्यूब चौनल के साथ मीडिया जगत में सक्रिय है। मुझे भारतीय बस्ती ने बहुत कुछ सिखाया है जिसके लिये मुझे गर्व है। भारतीय बस्ती की निरंतर सफलता से प्रकाशन के लिए मैं संस्थापक संपादक दिनेश चंद्र पाण्डेय व् संयुक्त संपादक प्रदीप चंद्र पाण्डेय को बधाई देता हूँ और भारतीय बस्ती नित नवीन कलेवर में पाठकों के बीच लोक प्रिय बना रहे ऐसी शुभकामना देता हूँ।

दैनिक भारतीय बस्ती के स्थापना दिवस पर हार्दिक मंगलकामना



डा. रामकृष्णलाल 'जगमग'
सम्पादक 'शव्द सुमन'
बस्ती।

जन परिचय

नाम– **संजय कुमार अग्रवाल**
पिता– स्व0 हरिश्चन्द्र अग्रवाल
माता– स्व. श्रीमती बवुनी देवी
जन्म स्थान– बस्ती (उ.प्र.)
जन्म तिथि– 17 दिसम्बर 1965
पता– दरिया खां गांधी नगर बस्ती (उ.प्र.)
शौक्षिक योग्यता– बी0ए0, व्यवसाय– पत्र प्रकाशन एवं व्यवसाय
परिवारिक वातावरण– पत्रकारिता एवं व्यवसाय
राजनीतिक प्रतिबद्धता (यदि कोई हो)– पूर्व जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बस्ती
उपलब्धियां– 0 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष– समाचार पत्र एवं पत्रकार एसो.
0 प्रकाशक– सम्पादक– बस्ती की लहर हि.सा. बस्ती
0 प्रबंध निदेशक– भारतीय समाचार फीचर सेवा बस्ती
0 1982 में महामंत्री ए.पीएन. कालेज छात्र संघ
अभिरूचि– समाज सेवा एवं पत्रकारिता

***भारतीय बस्ती दैनिक के प्रति*– विगत 45 वर्षो से दैनिक भारतीय बस्ती का नियमित पाठक हूॅ। मेरे पिता स्व. हरिश्चन्द्र अग्रवाल का भी दैनिक भारतीय बस्ती प्रिय पत्र रहा है और वह इसके संस्थापको में से रहे है। भारतीय बस्ती न किसी से डरा न डराया। मै इसके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूॅ।**

–संजय कुमार अग्रवाल

जन परिचय

नाम–डा. वी.के. वर्मा
पिता –स्व0श्री श्याम लाल वर्मा
माता–स्व0श्रीमती मुराली देवी वर्मा
जन्म तिथि–04 जनवरी 1965
जन्म स्थान –ग्राम–पो.बढ़नी ,तह. हरैया जिला बस्ती (उ.प्र.)
शैक्षणिक योग्यता–चिकित्सा स्नातकोत्तर, पी.जी. होम लन्दन
व्यवसाय– चिकित्सा,
पारिवारिक वातावरण–पिता–सहा. चकबंदी **अधिकारी**
पत्नी–श्रीमती राजेश्वरी वर्मा गृहणी।
भाई (1)इं रघुनाथ पटेल (2) बाबूराम वर्मा शिक्षक (स्वर्गीय) (3) सुभाष चन्द्र वर्मा (चिकित्सा स्नातक) स्वर्गीय)
संतान–डा. आलोक रंजन वर्मा । डा. साधना वर्मा, डा. अनुपम वर्मा
राजनीतिक प्रतिवद्धता– कोई नहीं
सर्वोच्च सम्मान – भारत श्री
उपलब्धियां– **1.** अध्यक्ष रिचर्स सोसाइटी होम्योपैथी, 2. प्रबंधक गौतम बुद्ध मुराली देवी बालिका इण्टर कॉलेज 3. संरक्षक पटेल संस्थान 4. अध्यक्ष'– कुर्मी क्षत्रीय महासभा बस्ती, 5. आयुष मेडिकल अधिकारी एवं एशोसिएशन के अध्यक्ष 6. अब तक देश विदेश के कई संस्थाओं से कुल 125 पुरस्कार प्राप्त। 7. **आज के समय में भी जब संयुक्त परिवार टूट रहें हैं तब समूचे संयुक्त परिवार को जोड़ कर विकास की प्रतिबद्धता। 8. पटेल स्मारक एस.एम.एच. ने अब तक कुल 65 लाख मरीजों का निःशुल्क इलाज जिसमें लगभग 5 लाख मरीजों को निःशुल्क औषधि वितरण।**
लेख/कवितायें प्रकाशित हुई हों– मानवता, काव्य मुखी, युगचित्र सोच, उत्कर्ष, मानवता के स्वर, 'सोच' लघु कथा संग्रह, कोविड 19 काव्य संग्रह, एक दर्जन से अधिक पत्र पत्रिकाओं में लेख एवं कविताएं प्रकाशित।
भारतीय बस्ती के बारे में आपकी राय– भारतीय बस्ती को मैं पिछले 44 वर्षो से जानता हूं। इसके बारे में इतना ही समझा है अन्याय के विरूद्ध, हर आम आदमी के पक्ष में तन कर खड़ा हो गया। **जिसकी कोई नहीं सुना हर जगह से निराश हो गया उसकी आवाज बन गया और शासन प्रशासन को उसकी बात सुनने को मजबूर कर दिया।**

उपलब्धियों के शिखर पर भी सहज अजीम हाशिम प्रेमजी

देश में बहुत से अमीर उद्योग पतियों की गिनती हर साल होता है कुछ लोग कई सौ करोड़ और अरबो रुपए खर्च करते झूठी शान–शौकत दिखावा करके भले ही दो – तीन दिन चर्चा में बने रहे लेकिन रतन टाटा का नाम सदैव आदर से लिया जाता है इसी तरह व्यवसाय जगत में सादगी से रहकर सफलता का परचम लहराने वाले समाजसेवी राष्ट्रीय चिंतक आदरणीय अजीम हाशिम प्रेमजी के उदार कार्य शैली , दानवीर कर्ण के पद चिन्हों का अनुसरण करके शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए जाना जाता है उनके विषय में सैकड़ो प्रेरणादाई कहानी पढ़ने को पुस्तकों और गुगल पर मिलती है ।

अजीम हाशिम प्रेमजी का जन्म 24 जुलाई 1945 में मुंबई में हुआ था देश के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में आपका नाम शामिल है अजीम प्रेमजी कुशल व्यवसायी उदार समाजसेवी और लोक कल्याण की भावना रखने वाले देश के विशेष व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति है अजीम प्रेम जी की कार्यशैली से प्रभावित होकर सरकार द्वारा 2005 में पद्म विभूषण अवार्ड से सम्मानित किया जा चुके हैं पुनः 2011 में भारत सरकार द्वारा पद्म विभूषण का दूसरा (सर्वोच्च नागरिक सम्मान) प्रदान किया गया

प्रेम जी के पिता मोहम्मद हाशिम प्रेमजी एक नामी चावल कारोबारी थे ईश्वरीय संयोग कहें की प्रेम जी का जन्म 24 जुलाई 1945 को होता है और 29 दिसंबर 1945 को वेस्टर्न इंडिया वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना इसी साल होती है । प्रेमजी संपन्न घराने से होने के चलते मुंबई सहित विदेश में भले ही शिक्षा ग्रहण किये थे किंतु सादगी उनका सदैव आभूषण रहा है ।

विदेश में अभी शिक्षा ग्रहण कर रहे थे कि 1966 में पिता के निध ान पर स्वदेश लौटना पड़ा और अपनी बहुत बड़ी कंपनी को संभालना पड़ा एक शेयर होल्डर ने विरोध भी किया था लेकिन उनका हौसला और कार्य शैली ने कंपनी को देश की प्रतिष्ठित कंपनी में स्थापित किया जनकल्याण के लिए शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रेम जी ने अपनी आय का अधि ाकांश भाग देश के कई प्रदेशों के जिलों में कहीं यूनिवर्सिटी कहीं कॉलेज खोलकर देश के युवाओं के लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था में अहम भूमिका रही है । प्रेम जी का विवाह मोहतरमा यास्मीन से हुआ और उनके दो बेटे रिशाद प्रेमजी और तारिक प्रेम जी है । अजीम प्रेम जी के जीवन का उद्देश्य है कि न्याय, समता, मानवता से समाज का निर्माण करना ठीक वैसा ही है जैसे हमारे संविधान की उद्देशिका में अन्तर्निहित है ।

प्रस्तुति– मनोज सिंह
जनपद–बस्ती (उ.प्र.)

कार्यालय उपनिदेशक (निर्माण)

राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उ0प्र0

नवीन मण्डी स्थल– बस्ती

पत्रांकः निर्माण/निविदा/बस्ती/2024–113 दिनांकः 18.07.2024

–: अति0 अल्पकालीन ई–निविदा सूचना :–

निम्न कायों की निविदा पत्रांक 545 दिनांक 10.01.2024, पत्रांक 575 दिनांक 06.02.2024, पत्रांक 600 दिनांक 15.02.2024, पत्रांक 614 दिनांक 23.02.2024, पत्रांक 712 दिनांक 14.03.2024, पत्रांक 60 दिनांक 14.06.2024 पत्रांक 81 दिनाँक 25.06.2024 एवं पत्रांक 108 दिनांक 06.07.2024 के माध्यम से मण्डी परिषद एवं सरकारी विभागों /कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत (लो०नि०वि०, आर०ई०डी०, यू०पी०आर०एन०एन०, यू०पी०पी०सी०एल०) में पंजीकृत एवं वित्तीय रुप से सुदृढ प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्म से अलग–अलग तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई–टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 15.07.2024 को अपरान्ह 4.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड किये जाने हेतु आमंत्रित की गयी थी, जो उसी दिन अर्थात दिनांक 15.07 2024 को अपरान्ह 4.30 बजे खोली जानी थी। निविदा निर्धारित तिथि एवं समय पर आनलाइन खोली गई, जिसमें कोई निविदा न प्राप्त होने के कारण सम्बन्धित कार्य की निविदा, पुनः ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 02.08.2024 को आमंत्रित की जाती है, जो अपरान्ह 04.00 बजे तक डाउनलोड़ कर अपलोड की जा सकती है, जो उसी दिन निविदाता ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों (यदि उपस्थित हुए) के समक्ष दिनांक 02.08.2024 को अपरान्ह 4.30 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आनलाइन खोली जायेगी। निविदा की तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने पर वित्तीय बिड खोली जायेगी।

क्र0 सं0	मण्डी समिति का नाम	कार्य का नाम	कार्य की लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा की वैद्यता	निविदा की श्रेणी	मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारो की श्रेण जो निविदा में प्रतिभाग कर सकते है
1		3	4	5	6	7	8		9
30	शोहरतगढ़	न0सं0मार्ग खुनवा शोहरतगढ़ मुख्य मार्ग से रमवापुर तिवारी गॉव तक। 2023_RKUMP_872743_10	46.75	4.35	8300.00	04	90	"स"	अ, ब, स,
31	शोहरतगढ़	न0सं0 मार्ग सेहूणी से पलिया सिसवा तक। 2023_RKUMP_872744_10	39.68	4.00	7100.00	03	90	"द"	अ, ब, स, द

नोटः–

(1) धरोहर धनराशि का मूल्य उपनिदेशक (निर्माण) के स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा साऊघाट बस्ती के **खाता संख्या 30394488595** आई0एफ0एस0 कोड संख्या **SBIN0011200** एवं निविदा का मूल्य **खाता संख्या 30394488415** आई0एफ0एस0 कोड संख्या **SBIN0011200** उप निदेशक (निर्माण) के नाम अलग–अलग आर0टी0जी0एस0 करना होगा, जिसका बैंक से सत्यापित यू0टी0आर0 नम्बर हार्ड कापी में उपलब्ध कराना होगा, एवं अपलोड भी करना अनिवार्य होगा।

(2) निविदादाता द्वारा अपलोड किये गये प्रपत्रों में से यदि कोई भी प्रपत्र फर्जी पाया जाता है तो ऐसे निविदादाता द्वारा मण्डी परिषद के खाते में जमा जमानत धनराशि को मण्डी परिषद के खाते में जब्त करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

(3) मण्डी परिषद मुख्यालय के आदेश पत्राक मु0अभि0ग्रेड–2/(1168)/भाग–4/2005) /2022–641 दिनांक 11.08.2022 एवं पत्रांक 217 दिनांक 29.05.2023 एवं परिषद पत्रांक 487 दिनांक 11.07.2023 के अधीन 'अ' एव 'ब' श्रेणी मे मण्डी परिषद के अतिरिक्त अन्य सरकारी विभागों/कार्यदायी संस्थाओं (लो०नि०वि०, आर0ई०डी०, यू०पी०आर०एन०एन०, यू०पी०पी०सी०एल०) में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार निर्धारित नियमों के अनुरूप ही प्रतिभाग कर सकेंगे। पी0डब्लू0डी0, आर0ई०डी०, यू०पी०आर०एन०एन०, व यू०पी०पी०सी०एल०)विभाग 'अ' श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार "अ" व "ब" श्रेणी के कार्य में तथा "ब" श्रेणी में पंजीकृत फर्म "ब" श्रेणी के कार्य की निविदा में प्रतिभाग कर सकते है। अन्य श्रेणी के कार्यो में प्रतिभाग करने पर निविदा प्रथम दृष्टया निरस्त कर दी जायेगी।

(4) अन्य सरकारी विभागों मे पंजीकृत ठेकेदारों की निविदा प्रथम न्यूनतम आती है तो उन्हें मण्डी परिषद में पंजीकरण कराना होगा तथा अनुबन्ध गठन के समय 10 प्रतिशत अतिरिक्त धरोहर धनराशि जमा करनी होगी।

(5) विस्तृत नियम व शर्तें आनॅलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

उप निदेशक (निर्माण)

अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर स्थान द्वारा निकाली गयी उद्घोषणा

प्रकीर्ण उत्तराधिकार वाद संख्या–62/2024

1. शैलेश कुमार श्रीवास्तव उम्र स्व0 राजाराम लाल श्रीवास्तव नि0 260 एन0 राम जानकी नगर गोरखपुर

–वादी/आवेदक

प्रति

1. गिरजेश कुमार श्रीवास्तव उम्र 61 वर्ष पुत्र स्व0 राजाराम लाल श्रीवास्तव ग्राम परसाखुर्द तप्पा नगवा प0त0 नौगढ़ जि0 सिद्धार्थनगर

–प्रतिवादी 1

2. सुधा श्रीवास्तव उम्र 66 वर्ष पुत्री स्व0 राजाराम लाल श्रीवास्तव पत्नी श्री सुरेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव, कौशलपुरम हाउस नं 04/E नकहा नं (1) गोरखपुर उ0प्र0 3. सुमन श्रीवास्तव उम्र 55 वर्ष पुत्री स्व0 राजाराम लाल श्रीवास्तव पत्नी श्री पुनीत कुमार श्रीवास्तव नि0 ई0 208 मधुर रेजीडेसी विस्तार फरीदी नगर लखनऊ 4. सरिता उम्र 51 वर्ष पुत्री स्व0 राजाराम लाल श्रीवास्तव पत्नी श्री रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव नि0 वार्ड नं0 3 हाटा खास हाटा बाजार जि0 कुशीनगर हाल मु0 चरगावा ब्लाक दुर्गा मंदिर के पीछे, देवनाथ किराना स्टोर के समीप सेमरा नं0–1 गोरखपुर

–प्रतिवादीगण द्वितीय वर्ग

बनाम

इस्टेट

प्रा0 पत्र अन्तर्गत दफा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

तारीख पेशी 27–08–2024

अपने को देय ऋण और प्रतिभूतियों को वसूल करने के लिये प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिये सन 1886 ई0 के अधिनियम 7 के अधीन उत्तराधिकार का आवेदन के लिये।

चूंकि ने प्रमाण पत्र को अभिप्राप्ति के लिये आवेदन दिया है और सन 2024 के 08 के 27 दिवस आवेदन को सुनवाई के लिये नियत हुआ है। अतः यह उदघोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को उक्त आवेदन के सम्बन्ध में आपत्ति हो वह स्वयं या अभिवक्ता द्वारा ..10 बजे पूर्वान्ह न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) सिद्धार्थनगर में नियत दिनांक पर उप संजात होकर अपनी आपत्ति पेश करें। उक्त दिनांक के अवसान पर फिर किसी की आपत्ति न सुनी जायेगी और आवेदन के सम्बन्ध में यथोचित आदेश पारित होगा।

2024 के 07 के 19 दिवस को दिनांकित। द0 हाकिम

कांग्रेस पदाधिकारियों का निःशुल्क मुकदमा लड़ेगा विधि विभाग

–प्रदेश अध्यक्ष नितिन मिश्र ने मांगा मुकदमों का विवरण

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के चेयरमैन नितिन मिश्र ने शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बैठक कर पदाधिकारियों से स्थितियों की जानकारी लिया और सक्रियता पर जोर दिया। कहा कि उप चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में 2027 के चुनाव की रणनति बनने लगी है, हमें पूरी ताकत से जुट जाना होगा। कहा कि यदि किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी के उत्पीड़न से सम्बंधित कोई मुकदमा हो तो कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ उसका मुकदमा स्वयं निःशुल्क लड़ेगा। उन्होने प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव को निर्देशित किया वे सम्बंधित मुकदमों का विवरण प्राप्त कर लखनऊ भेंज दे जिससे मुकदमों का निस्तारण कराया जा सके।

बैठक में विधि विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी अजहर फैजखान ने विभाग द्वारा चलाये जा रहे नीति, कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दिया। कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की मजबूती के लिये जुट जाना होगा।

के.के.सी. के पूर्वान्चल कोआर्डिनेटर नोमान अहमद ने चेयरमैन नितिन मिश्र को बस्ती के राजनीतिक माहौल और संगठनात्मक स्थितियों की जानकारी दी। बैठक के दौरान एडवोकेट कृष्ण कुमार उपाध्याय, विजय श्रीवास्तव, अंकुश, प्रिन्स उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग की सदस्यता लिया।

पुण्यतिथि पर याद किये गये भाजपा नेता पुष्कर मिश्र

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। भाजपा नेता पुष्कर मिश्र की चौथी पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। बनकटा स्थित वृद्धाश्रम में परिजनों द्वारा वृद्धजनों को भोजन कराया गया और फल का वितरण किया गया। बता दें कि कोरोना संक्रमण के चलते वर्ष 2020 में असमय ही उनका इलाज के दौरान निधन हो गया था। स्व0 पुष्कर मिश्र की पत्नी व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रूपम मिश्रा ने अपने पति को याद करते हुए कहा कि उनका सपना था कि बस्ती को स्वच्छ व सुंदर बस्ती बनाया जाए, इस दिशा में उन्होंने कई अभूतपूर्व कार्य भी किये, उनके असमय निधन से परिवार को जहां अपूर्णीय क्षति हुई, वही शहर के विकास का उनका सपना भी अपेक्षा अनुरूप पूरा नहीं हो पाया।

भाजपा नेता संतोष शुक्ला ने कहा कि स्व0 पुष्कर मिश्र शानदार व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के मजबूती के लिए जीवन पर्यन्त कार्य किया। इस अवसर पर उनके पुत्र हर्षित मिश्रा द्वारा पौधरोपण का कार्य किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पप्पू भैया, लव कुश चौबे, गोपाल चौरसिया, राजमणि पाण्डेय, विनय दुबे, केवी श्रीवास्तव व पंडित सुरेंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आदेश के बावजूद खलिहान की जमीन से नहीं हटा अवैध कब्जा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । नगर थाना क्षेत्र के अईलिया निवासी प्रभूदीन पुत्र महीप नरायन ने जिलाधिकारी के साथ ही अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों, मुख्यमंत्री पोर्टल पर सूचना देकर खलिहान की जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाये जाने की मांग किया है।

पत्र में प्रभूदीन ने कहा है कि गाटा संख्या 323 ड़/0.759 पर गांव के ही चन्द्रदेव, हेमन्त कुमार पुत्रगण श्रीधर, राम प्रकाश, वेंकटेश चन्द्र, चक्रधर, कौशल कुमार, कैलाश कुमार पुत्रगण रामसागर आदि ने खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण करा लिया है। शिकायत के बाद तहसीलदार न्यायिक ने लेखपाल के रिपोर्ट के आधार पर अवैध कब्जे की जमीन से बेदखली का आदेश जारी किया। लगभग 5 माह की अवधि बीत जाने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कब्जा नहीं हटवाया गया है। प्रभूदीन ने मांग किया है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्काल प्रभाव से अवैध कब्जा हटवाया जाय जिससे लोग खलिहान की जमीन का उपयोग कर सके।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्यामू पुत्र बंशी निवासी बहादुरपुर काजीपुर थाना पूरा कलन्दर तहसील बीकापुर जिला अयोध्या का निवासी हैं। मेरा पुत्र दूधनाथ उर्फ राजू मेरे कहने सुनने में नहीं है। वह अपनी पत्नी मीनू को काफी मारता पीटता है। उसके व्यवहार से पूरा परिवार परेशान है। यदि वह अपनी पत्नी मीनू का देखभाल नहीं करेगा तो मैं उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दूंगा। प्रकाशन इसलिये करा रहा हूं कि वक्त जरूरत पर काम आवे। मो.नं. 7889844285



नगर पालिका परिषद बस्ती अपने सम्मानित नागरिकों से निम्न अनुरोध करती है-

01- नगर को स्वच्छ रखने में पालिका का सहयोग करें, और निर्धारित स्थल पर अथवा पालिका के सफाई वाहन में ही कूड़ा डालें।

02- नाले / नालियों में कूड़ा कचरा न डाले तथा अतिक्रमण से बचें।

03- पालीथिन अथवा प्लास्टिक का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित है, उसका प्रयोग न करें।

04- अपने बकाये गृहकर एवं जलकर का भुगतान समय से करें और 31 अगस्त 23 तक छूट का लाभ उठायें।

05- स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के दृष्टिगत स्वच्छता ऐप डाउनलोड कर अपने पालिका को नं0 01 की रैंकिंग के लिये अधिक से अधिक सहभागिता करते हुये पालिका का सहयोग करें।

पत्रांक 2046/न0पा0प0 बस्ती/ विज्ञापन/2024–25/ दिनांक 18–7–2024

जन परिचय

नाम– **जगबीर सिंह**
पिता– स्व. खजान सिंह
माता–स्व.श्रीमती हरभजन कौर
पता– गुरु गोविन्द सिंह चौक जिला बस्ती (उ.प्र.)।
मो.हाट्स ऐप न.– 9415440987
शिक्षा– बी.ए.एलएलबी **व्यवसाय**–पत्र प्रकाशन
राजनीतिक प्रतिबद्वता **(यदि कोई हो)– नही**
अनुभव– **1981** से जगबीर सां. का प्रकाशन
अभिरुचि– **पत्रकारिता एवं समाज सेवा**

भारतीय बस्ती प्रकाशन समूह के बारे में आप के सुझाव –

0 खबरो और उस पर विचार मंथन के बारे में **भारतीय बस्ती** अपने आप में अनोखा
0 खबरो की निष्पक्षता रहती है और हर पाठक को यह यकीन रहता है कि खबर सही है क्योकि **भारतीय बस्ती** में छपी है।
0 जिसका कोई नही उसका **भारतीय बस्ती**
0 **ई पेपर** का तो क्या कहना ? देश दुनिया में पढ़ा जा रहा है। सलीके की खबरे
0 **भरोसा है भारतीय बस्ती समाचार पोर्टल भी समाचार पत्र की ही तरह विश्वनीयता के रास्ते पर ही चलेगा और जन जन के विचारो का वाहक बनेगा।**



जन परिचय

नाम– भद्रसेन सिंह 'बंधु'
पिता– स्व. श्री रामदौर सिंह
माता–श्रीमती अमरावती
जन्म स्थान –वर्मा रंगून
14 सितम्बर 1934
पता– कुंज भारती आई टी आई गेट बांसी रोड कटरा गांधी नगर बस्ती जिला बस्ती (उ.प्र.)।
मो. न.– 9450187653
शिक्षा–डिप्लोमा (भारत सरकार द्वारा)स्नातक गोरखपुर विश्वविद्यालय, साहित्य रत्न हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रंयाग।

भारतीय बस्ती निरन्तर प्रगति करे, शुभकामना

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
वाद सं0 336/2024
अदालत–श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती महोदय जिला–बस्ती
हसरजहां आदि
बनाम
मदरसा अरबिया अहले सुन्नत आदि

1. मदरसा अरबिया अहले सुन्नत गौसुल उलूम नगरा द्वारा अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ पुत्र अब्दुल सत्तार साकिन ग्राम नगरा पोस्ट रामपुर तप्पा हवेली परगना बस्ती पूरव तहसील व जिला–बस्ती 2. सबा यास्मीन पुत्री अब्दुल कुद्दुस साकिन दानोकुईयां तप्पा उजियार परगना मगहर पूरव तहसील खलीलाबाद जिला–संतकबीरनगर

–प्रतिवादीगण प्रथम वर्ग

3. वसीउल्लाह उर्फ मंगरू निवासी ग्राम रौनहिया पोस्ट रौनाकला जनपद बस्ती

–प्रतिवादी द्वितीय वर्ग

तारीख पेशी 26–07–2024

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 26 माह 07 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
वाद सं0 1472/2021
अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) बस्ती महोदय जिला–बस्ती
मेवालाल आदि
बनाम
अधिशाषी अभियन्ता

1. अधिशाषी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड द्वितीय बस्ती 2. सहायक अभियन्ता सरयू नहर खण्ड द्वितीय बस्ती 3. तहसीलदार महोदय तहसील भानपुर जिला–बस्ती 4. राज्य सरकार उ0प्र0 द्वारा जिलाधिकारी बस्ती

तारीख पेशी 29–07–2024

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 29 माह 07 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम



अदालती नोटिस

विपक्षी व्यक्ति के नाम नोटिस (धारा–63 अनुसूची–5 प्रपत्र सं0–1) न्यायालय– श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय बस्ती जिला–बस्ती

वाद सं0 136/11/2021

थाना–पुरानी बस्ती

जिला–बस्ती

रईसुन्निसां आदि

बनाम

मोहम्मद इद्रीश

तारीख पेशी 25–07–2024

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 125 जाप्ता फौजदारी

विपक्षी–मोहम्मद इद्रीश उम्र करीब 28 साल पुत्र समशुलहक निवासी ग्राम लेदवा श्रीपाल थाना बखिरा जिला–संतकबीरनगर

विपक्षी के नाम

चूंकि आपकी उपस्थिति 125 सी. आर.पी.सी. के अपराध का उत्तर देने के लिए आवश्यक है अतएव आपको एतत द्वारा आदेश दिया जाता है कि स्वयं/अधिवक्ता द्वारा उपयुक्त न्यायालय के समक्ष सन् 2024 ई0 के 07 मास के 25 दिवस को उपस्थित हो। ऐसा करने में त्रुटि न हो।

सन् 20 ई0 मास के दिवस को हस्ताक्षरित हो।

हस्ताक्षर

अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय बस्ती

दैनिक भारतीय बस्ती

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**

संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**

अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–

चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद

लखनऊ कार्यालय–

आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।

गोरखपुर कार्यालय–

इलाहीबाग गोरखपुर।

मो09450567450 9336715406,

ई.मेलbhartiyabasti@yahoo.com

bhartiyabasti@gmail.com

दैनिक भारतीय बस्ती के स्थापना दिवस पर हार्दिक मंगलकामना

रहमान अली रहमान

वरिष्ठ कवि

बस्ती।

दैनिक भारतीय बस्ती के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनायें

Affiliation Code : 2133536 School Code : 71706

GVM CONVENT SCHOOL
An English Medium Co-Ed. School

Our High School Toppers 2023-24

95.2% Talah Khan
94.8% Ayush
91.4% Shalini Bhaskar
90.2% Arushi Srivastava
90.2% Aditi Pal
90% Saksham Sharma
90% Yash Dubey

Our Intermediate Toppers 2023-24

90.8% Anshika Mishra
89.8% Garima Pandey
86.2% Shivani Mishra

परिणाम बताते है कि हम सर्वश्रेष्ठ क्यों है...

Pratham Gaud 97.8% (10th) 91.8% (12th) 2018-19
Abhishesth Tiwari 91.0% (12th) 2019-20
Pragya Shukla 95% (10th) 92% (12th) 2020-21
Abhishek Chaudhary 94.8% (10th) 2021-22
Nidhi Suman 96.6% (10th) 2022-23
Talha Khan 95.2% (10th) 2023-24

Call : 9336155100
9984451000
www.gvmconvent.com

Near Kateshwar Park, Jaipurwa, Basti (U.P.)

दैनिक भारतीय बस्ती के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनायें

LITTLE FLOWERS' SCHOOL
BASTI

Classes-
Playway to 10+2

LITTLE FLOWERS' SCHOOL
MADHUPURAM, GOPALPUR, WALTERGANJ - BASTI
AFFILIATED TO CBSE-NEW DELHI

Classes-
Baby to 10+2

2024-25 Admission Open

All Streams Available
Maths, Biology, Commerce, Humanities

(Director)
Mr. Surendra Pratap Singh

Hostel Facility Available
(Only For Boys)

(Principal)
Mrs. Aparna Singh

97218 39175 93353 87962
93691 98989 89488 59340

IIT/NIT/NEET Qualify
करने व BOARD में अच्छे % के लिए

praxis
विद्यापीठ
Join कराये

- JEE Mains में 12th के साथ हर साल 20 से ज्यादा Student 90 परसेंटाइल से ज्यादा Score करते है।
- विद्यापीठ से पढ़े 100 से ज्यादा Student देश के विभिन्न IIT/NIT/ Medical College/Reputed College में Admission लिए है

इं0 प्रशान्त कुमार पाण्डेय
DIRECTOR
B.Tech (NIFFT-Ranchi)
(Exp. 15 Years)

9670080032, 7839461838

प्रेक्सिस भवन शिवा कालोनी, बस्ती

Affiliation No. 2131415 School Code : 70262

CDA ACADEMY
SENIOR SECONDARY SCHOOL
AFFILIATED by CBSE (New Delhi से मान्यता प्राप्त)
CHANDRA NAGAR, MATHAULI, NAGAR PANCHAYAT BANKATI, BASTI.
एडमिशन ओपन/हॉस्टल फैसलिटी अवलेबल

Admission OPEN
Hostel Facility Available

सीडीए एकेडमी विद्यालय अपने उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध है कि हमें ग्रामीणांचल के होनहार बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा देना। जहां हम शिक्षा की बेहतरीन तकनीक का इस्तेमाल करते हुए बच्चों को शिक्षित करने का कार्य कर रहे है इसी क्रम में अब हम आधुनिक शैक्षिक वातावरण में मौजूद सबसे प्रभावी और अभिनव उपकरण स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से अध्यापन कार्य एवं हाइब्रिड क्लास साथ ही IIT JEE NEET की तैयारी कराने के लिए संकल्पित हैं। हमारी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का उद्देश्य शिक्षार्थी की क्षमता का अधिकतम उपयोग किया जाना है। हमारे विद्यालय की शिक्षा की गुणवत्ता का सबसे महत्वपूर्ण संकेतक हमारी विगत वर्षों में छात्रों की उपलब्धि का स्तर है

ई. अरविंद पाल
प्रबन्धक

सीडीए एकेडमी
चन्द्रनगर मथौली, नगर पंचायत बनकटी, बस्ती

डा. अरूणा पाल
निर्देशिका

बी.टी.सी. (D.El.ED) में प्रवेश सत्र 2024-25
काउसलिंग/सीधे प्रवेश हेतु कालेज

क्र.सं.	कालेज का नाम	डी.एल.एड. कालेज कोड	सीट
01	जी.पी.एस.महाविद्यालय खलीलाबाद- संत कबीर नगर।	De570002	100
02	पं. अम्बिका प्रताप नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय (डुमरी) हरिहरपुर-संत कबीर नगर।	De570004	100
03	शुभी देवी महिला महाविद्यालय,खलीलाबाद-संत कबीर नगर।	De570023	100
04	पं. अखण्ड प्रताप कालेज ऑफ एजुकेशन,मैनसिर,संत कबीर नगर।	De570024	100
05	पूर्वांचल डिग्री कालेज मुण्डेरवां,बस्ती।	De560007	100

बी.एड.में प्रवेश सत्र 2024-25
काउसलिंग/सीधे प्रवेश हेतु कालेज

क्र.सं.	कालेज का नाम	डी.एल.एड. कालेज कोड	सीट
01	जी.पी.एस.महाविद्यालय खलीलाबाद- संत कबीर नगर।	SD3220	100 Co-Edutional
02	पं. अम्बिका प्रताप नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय (डुमरी) हरिहरपुर-संत कबीर नगर।	SD3244	100 Co-Edutional
03	शुभी देवी महिला महाविद्यालय,खलीलाबाद-संत कबीर नगर।	SD3275	100 Co-Edutional
04	पं. अखण्ड प्रताप कालेज ऑफ एजुकेशन,मैनसिर,संत कबीर नगर।	SD3242	100 Co-Edutional
05	पूर्वांचल डिग्री कालेज मुण्डेरवां,वस्ती।	SD3246	100 Co-Edutional

सम्पर्क सूत्रः- 9838323030,9838202800,8840549402,9140043497

BTE UP-4549

प्रवेश प्रारम्भ सत्र- 2023-24

सूर्या कालेज ऑफ फॉर्मेसी
खलीलाबाद- संत कबीर नगर
(पी.सी.आई.,नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत)(बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन उत्तर प्रदेश से सम्बद्ध)

उपलब्ध सुविधाएं
- उत्कृष्ट संकाय
- वाई-फाई भवन
- सुसज्जित भवन
- आधुनिक सुसज्जित लैब
- डिजिटल सुसज्जित पुस्तकालय
- योग्य एवं कुशल शिक्षक द्वारा शिक्षण कार्य

पाठ्यक्रम-डी.फार्मा (एलोपैथिक)
02 वर्ष- 60 सीट उपलब्ध है

जी.एन.एम.और बी.एस.सी.नर्सिंग
आगामी पाठ्यक्रम

बी.फार्मा.पाठ्यक्रम
सत्र- 2024-25 से प्रारम्भ

योग्यता 10+2 (विज्ञान वर्ग)
PCI-6988

डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी
प्रबंधक- सूर्या हास्पिटल
खलीलाबाद,स.क.न.

6394699405,9838202800,8756525391
Suryacollege327@gmail.com